# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में ''मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना'' का शुभारम्भ किया। इस योजना के अन्तर्गत मिलने वाली पांच लाख रूपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से प्रदेश के बारह लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये सही मार्ग प्रशस्त करना शिक्षकों का कर्तव्य होने के साथ ही राष्ट्रीय दायित्व भी है।

***आपको सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, हर एक शिक्षक को भी, शिक्षा मित्र को भी और अनुदेशक को भी एक नई गारंटी दी जा रही है। जिसमें, पहले तो ईश्वर करे कि कोई ऐसी घटना–दुर्घटना ना हो, लेकिन अगर कहीं भी कोई ऐसी स्थिति पैदा होती है, उन स्थितियों में... जिसमें अस्थायी शिक्षक और कार्मिकों को जिनका वेतन 10,000 से अधिक है, उन्हें 10 लाख का ग्रुप टर्म इंश्योरेंस कवर, जिसमें 1 करोड़ का पर्सनल एक्सीडेंट कवर, 1 करोड़ का स्थायी दिव्यांगता कवर, 1.6 करोड़ का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर के साथ ही किसी अनहोनी की दशा में शिक्षक या कार्मिक के बच्चों की शिक्षा और पुत्रियों के विवाह के लिए भी ऐड ऑन कवर इसमें प्रदान किया जाएगा।***

मुख्यमंत्री आज ही चित्रकूट में नौ सौ इक्यावन करोड़ रूपये की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**********

प्रधानमंत्री कार्यालय ने अल नीनो के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और तैयारियों की समीक्षा के लिए कल एक उच्च स्तरीय बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्र की अध्यक्षता में यह बैठक नई दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में हुई। बैठक में पंद्रह से अधिक मंत्रालयों के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने निर्देश दिया है कि पूरी स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। राज्यों के साथ मिलकर उन जिलों पर मॉनसून या देर से आए मॉनसून के असर का आकलन किया जाए, जो ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर सुधार के लिए कदम उठाए जा सकें। यह भी निर्देश दिया गया कि चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं, साथ ही चारे के विकास के लिए योजनाएं बनाई जाएं और राज्यों के साथ मिलकर इस बारे में नियमित निगरानी की जाए। संवेदनशील जिलों में पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान निकालने के लिए मंत्रालयों को राज्यों के साथ मिलकर आपसी तालमेल से काम करना चाहिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी आज अल नीनो के संभावित प्रभाव की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष अप्रैल में ही अल नीनो की चुनौती से निपटने की तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि अल नीनो निगरानी प्रकोष्ठ और नोडल अधिकारियों के माध्यम से बुवाई, फसल तथा बाजार की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**********

श्रीराम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के मामले के तीन आरोपियों की पुलिस रिमांड आज से शुरू हो गई। इसी कड़ी में तीनों आरोपियों अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को आज हिरासत में पूछताछ शुरू होने से पहले चिकित्सा जांच के लिए पुलिस लाइंस लाया गया।

**********

श्री अमरनाथ यात्रा के लिए आज एक नया परामर्श जारी किया गया है। एक रिपोर्ट–

***जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा जारी परामर्श के अंतर्गत तीर्थयात्रियों से पंजीकरण प्रक्रिया और सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। यात्रा के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार निर्धारित दैनिक तीर्थयात्री सीमा लागू रहेगी। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि वे अग्रिम पंजीकरण कराएं और यात्रा केवल अपने परमिट में तय तिथि पर ही करें। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज और कल अनेक स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग द्वारा इस अवधि में कहीं कहीं बिजली गिरने और भारी वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच, गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में आज भी सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और रुक–रुक कर हल्की बूंदाबांदी का क्रम जारी रहा।

**********

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज झांसी के गरौठा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव और उनके सहयोगियों के यहां छापेमारी की। यह छापेमारी लखनऊ तथा झांसी में एक साथ की गयी। पूर्व विधायक के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

**********